| Date of Order Or Proceeding | order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| 25-07-2020 | गया था। वाहन आवेदक की दैनिक आवश्यकता की वस्तु है। जप्त होने के पश्चात से आवेदन को उक्त वाहन के अभाव में परेशानी हो रही हे। वाहन के थाने पर अनुपयोगी पड़े रहने से उसकी मशिनरी में खराबी आने की सम्भावना है। आवेदक योग्य सुपुर्दगी नामा न्यायालय की शर्तो के अधीन प्रस्तुत करने हेतु तत्पर है। अतः उक्त वाहन को सुपुर्दगी पर दिये जाने हेतु निवेदन किया है।<br>थाना सनावद द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उक्त वाहन को आवेदक को सुपुर्दगी पर दिये जाने में कोई आपत्ती नही होना दर्शित किया।<br>उभय पक्ष को आवेदन पर सुना गया। केस डायरी का अवलोकन किया गया।<br>केस डायरी के अवलोकन से दर्शित है कि पुलिस थाना सनावद व्दारा मय दस्तावेजों के वाहन वाहन जप्त किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अवलोकन से आवेदक वाहन का पंजीकृत स्वामी होना भी दर्शित होता है। प्रकरण के निराकरण तक वाहन को थाने पर अनुपयोगी अवस्था में पड़े रहने से वाहन की मशिनरी में खराबी होने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता है। वाहन की अनुसंधान में कोई आवश्यकता होना प्रकरण के अवलोकन से दर्शित नही होता है।<br>अतः उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त वाहन को आवेदक को सुपुर्दगी पर दिया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः आदेशित किया जाता है कि यदि आवेदक रूपये 60,000/– का सुपुर्दगीनामा निम्न शर्तो के अधीन पेश करे की–<br>01– प्रकरण के अंतिम निराकरण तक जप्तशुदा वाहन किसी को अंतरित अथवा विक्रय नही करेगा।<br>02– प्रकरण अंतिम निराकरण तक न्यायालय द्वारा वाहन आहुत किये जाने की दशा में आवेदक स्वयं के व्यय पर वाहन को न्यायालय मे पेश करेगा।<br>03– प्रकरण के अंतिम निराकरण तक वाहन के वर्तमान मूल स्वरूप में कोई परिवर्तत नही करेगा व न्यायालय के आदेशों का पालन करेगा।<br>04– आवेदक द्वारा वाहन का बीमा प्रस्तुत नही किया गया है। अतः आवेदक को निर्देशित किया जाता है कि आवेदक 15 दिवस के भीतर वाहन का बीमा प्रस्तुत करे।<br>तो वाहन को आवेदक मय दस्तावेजों के अंतरिम पर सुपुर्दगी पर दिया जाये।<br>केस डायरी लौटायी जाय तथा विधिवत प्राप्ती ली जाये। तथा यह पत्रावली मुल प्रकरण प्रस्तुत होने पर प्रकरण संलग्न की जाये।<br>**चारूलता दांगी**<br>न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी<br>सनावद जिला मण्डलेश्वर (म0प्र0) | |